अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

PAGE NO, 02, MIDDLE

■ क्रिकेट : भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर श्री राम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट अपराह्न 1:30 बजे से।

PAGE NO, 08, MIDDLE

एसएनएस बुलंदशहर टीम की जीत के नायक बने अनुभव

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन के छठे मुकाबले में एसएनएस बुलंदशहर ने 13 रन से जीत दर्ज की। सातवां मुकाबला मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसी) ने 183 रनों से जीता।

दूधिया रोशनी में एसएनएस बुलंदशहर और जीएसटी आरसीसी बरेली के बीच खेले गए मुकाबले में एसएनएस बुलंदशहर के कप्तान शिवांक ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। इसके जवाब में जीएसटी आरसीसी बरेली की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी। शानदार बल्लेबाजी के लिए अनुभव सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मिला सम्मान। स्रोत : संस्थान

सातवां मैच ग्रुप-सी की टीम मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसी) और एसआरएमएस किंग्स बरेली के बीच हुआ। एमडीसी के कप्तान प्रशांत चौधरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग्स की टीम बड़े लक्ष्य के दबाव में 59 रनों पर सिमट गई। तीन बल्लेबाज ही दहाई के अंक तक पहुंचे। 24 गेंदों पर 47 रन बनाने के साथ एक विकेट लेने वाले एमडीसी के हर्ष को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।